प्रारम्भिक संबोधन

माननीय सदस्यगण,

षोडश बिहार विधान सभा के एकादश सत्र के शुभारंभ पर आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ ।

वर्त्तमान सत्र के दौरान कुल-05 (पाँच) बैठकें निर्धारित हैं, जिसमें वित्तीय वर्ष 2018-19 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी के व्यवस्थापन के अलावा राजकीय विधेयक एवं गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे ।

माननीय सदस्यगण, लोकतंत्र में आम जनता अपनी बात जन प्रतिनिधियों के माध्यम से सदन तक पहुँचाती है जिससे सबके हितों की समान रूप से सुरक्षा प्रदान करते हुए नीतियों का निर्धारण होता है । जन भावना को व्यक्त करते हुए सार्थक विमर्श हीं इस सभा की विशेषता है ।

अतः नीति निर्देशन में जनता की आवाज जितनी अधिक शामिल होगी, उस नीति में उनकी चिंताओं और आकांक्षाओं की उतनी ही अधिक झलक मिलेगी और यह सब तभी हो सकता है जब सदन सुव्यवस्थित चले एवं पक्ष-विपक्ष की साझेदारी से जनहित के मुद्दों के समाधान का रास्ता निकले ।

माननीय सदस्यगण, इस सत्र से प्रश्नों की ऑन लाईन सूचना प्रणाली यानि Question Reply Management System को प्रभावी बनाने की शुरूआत की गई है । इसमें आपके द्वारा ऑन लाईन प्रश्न पूछने एवं सरकार के विभागों द्वारा ऑन लाईन उत्तर सभा सचिवालय को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है । मुझे आपको सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस लघु सत्र में प्रश्नों की दो श्रेणी- अल्पसूचित एवं तारांकित में 117 प्रश्न 22 माननीय सदस्यों के द्वारा ऑनलाईन सूचना प्रणाली के माध्यम से प्राप्त हुए हैं । इनमें से सबसे अधिक प्रश्न माननीय सदस्य श्री केदार प्रसाद गुप्ता द्वारा दिये गये हैं । श्री गुप्ता जी के साथ अन्य माननीय सदस्यों को मैं इसके लिए धन्यवाद देता हूँ । आपसब इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं ।

Contd....2...

इसके साथ ही सभा सचिवालय की कार्य पद्धति को भी यथासंभव कम्प्यूटरीकृत करते हुए कागज के कम उपयोग की कार्य प्रणाली को लागू करने के लिए National e-Vidhan application (नेभा) अपनाने की कार्रवाई की जा रही है । इससे संबंधित प्रथम कार्यशाला का भी आयोजन पिछले दिनों किया गया है । आपको प्रसन्नता होगी इसे लागू करने के मामले में बिहार विधान सभा की योजना सबसे आगे है । इस प्रणाली के लागू हो जाने से प्रश्नों के साथ-साथ सभा सचिवालय के अन्य कार्यों के निष्पादन में काफी तेजी आएगी ।

इसके अलावा आई० टी० के विकसित तकनीकों को बिहार विधान सभा सचिवालय ने और भी मामलों में अपनाया है । इसके तहत ज़ेम पोर्टल के माध्यम से सभा सचिवालय से जुड़े आवश्यक वस्तुओं का क्रय किया गया है, जिसके लिए बिहार सरकार की ओर से सभा सचिवालय को प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया है ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सब बिहार की जनता की आवाज को इस सदन में नियमपूर्वक उठाते रहेंगे और सदन के सफल संचालन में आपका सकारात्मक सहयोग हमें प्राप्त होगा ।

❄❄❄❄❄